संक्षिप्त

जंगली सुअर बर्बाद कर रहे फसल

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर क्षेत्र के किसानों की खरीफ फसल को जंगली सुअरों बर्बाद कर रहे है। खेतों में मेहनत से तैयार की गई मक्का, सोयाबीन, मूंग और उडद जैसी फसलों को जंगली सुअर रात के समय बर्बाद कर रहे हैं, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है। किसानों का कहना है कि दिन-रात खेतों की रखवाली करने के बावजूद जंगली सुअरों से फसल को पूरी तरह सुरक्षित रखना मुश्किल हो रहा है।कुण्डई गांव के किसान उंकार रावत ने बताया कि पूरी रात खेत में जागते रहते हैं, लेकिन सुअर झुंड में आते हैं और देखते-देखते आधी फसल बर्बाद कर जाते हैं। मेहनत और लागत दोनों पर पानी फिर रहा है। वहीं पास के किसान जेताजी रावत ने कहा कि अगर प्रशासन ने जल्द कदम नहीं उठाए तो इस बार हमारी खरीफ की पूरी फसल चौपट हो जाएगी। परिवार का गुजारा करना भी मुश्किल हो जाएगा। ठाम पंचायत स्तर से लेकर उपखण्ड प्रशासन तक किसानों ने गुहार लगाई है कि जंगली सुअरों से निजात दिलाने के लिए वन विभाग और स्थानीय प्रशासन विशेष कार्ययोजना बनाए। ग्रामीणों का कहना है कि सामूहिक स्तर पर सुअरों को पकड़ने या खदेड़ने की व्यवस्था की जाए, साथ ही नुकसान झेल रहे किसानों को मुआवजा भी दिया जाए।

भीम में बारिश का दौर जारी

भीम, (निसं)। उपखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दोनों से रिमझिम बरसात का दौर जारी रहा। रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक मूसलाधार तेज बरसात होन से सडकों पर पानी बहने लग गया एवं बरसात होने से छोटे-बडे तालाब पानी से भर गए भीम उपखंड की डूंगाजी का गांव ग्राम पंचायत अंतर्गत डांसरिया भागावड से रतनी का चोडा रोड का पुलिया टूटकर सडक पानी में बह गई। सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता हरिराम चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में काफी सडकों के डैमेज होने की सूचना पर मौका निरीक्षण रिपोर्ट तैयार की है।डांसरिया भागावड से रतनी का चोडा रोड का पुलिया टूट गया है। संबंधित निर्माण ठेकेदार की गारंटी अवधि के दौरान होने से। ठेकेदार को पाबंद कर पुलिया सहित सडक निर्माण मरम्मत कार्य करने के साथ आवागमन सुचारू करवाया जाएगा। भीम के मुख्य तालाब पाल पर सोमवार सवेरे एक फीट चद्दर चलने से कस्बेवासियों में खुशी का माहौल है। तथा चलती हुई चादर को देखने के लिए सैकडो की संख्या में ग्रामीण पाल पर पहुंचे।

न्यून प्रगति में तेजी लाने के निर्देश

डूंगरपुर, (निसं)। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह के अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला परिषद के ईडीपी सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर सिंह ने पीएचईडी, पीडब्ल्यूडी, एवीएनएल, चिकित्सा विभाग, शिक्षाविभाग, उद्योग, रसद, सहकारिता सहित समस्त विभागों की विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने एवीएनएल तथा पीएचईडी विभाग के अधिकारियों को व्हाट्सएप ग्रुप बनाते हुए कार्मिकों को जोडते हुए सोम कमला अंबा से आने वाले पानी तथा अन्य सप्लाई की भी प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए जहां पर भी शिकायत आ रही है तत्काल उसका निस्तारण करने के निर्देश दिए।

होटल एसोसिएशन ने जीएसटी दरों में कमी की उठाई मांग

उदयपुर, (कासं)। सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने सोमवार को जिला परिषद स्थित सांसद कार्यालय में जन सुनवाई कर जनता के अभाव अभियोग सुने। इस दौरान शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग पुलिया, सडक व स्कूल में कमरे निर्माण आदि मांगों को लेकर पहुंचे। होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जीएसटी दरों में परिवर्तन को लेकर ज्ञापन दिया। स्थानीय नागरिकों ने कॉलोनी के बीच लगाए मोबाइल टॉवर को हटवाने की मांग की।

सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने सांसद कार्यालय में जन सुनवाई की।

सांसद डॉ रावत ने सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनसुनवाई की। होटल एसोसिएशन उदयपुर के अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह कारोही व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने सितंबर में प्रस्तावित जीएसटी दरों में परिवर्तन को लेकर सांसद से चर्चा की और बताया कि वर्तमान जीएसटी दर 12 प्रतिशत को घटाकर 5 प्रतिशत किया जाना चाहिए जिससे देश भर में पर्यटन व्यवसाय को बुस्टर डोज मिलेगी। पर्यटकों पर भी आर्थिक बोझ कम होगा। पूर्व पार्षद गिरिश भारती ने यूडीए द्वारा अनुमोदित प्लान राताखेत, हर्ष नगर में आधारभूत मूल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए यूडीए अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की। वर्धमान नगर विकास समिति के पदाधकारियों ने वर्धमान नगर, सेक्टर 12 पलोदडा हाउस के पास कृषि भूमि पर चल रहे गार्डन में रातो रात लगाए मोबाइल टॉवर को हटवाने की मांग की। महिला मंडल मंत्री विजय कुमार शर्मा ने कस्तुरबा आदिवासी कन्या छात्रावास भवन के जीर्णोद्धार के लिए जनजाति भागीदारी योजना के तहत प्रस्ताव स्वीकृति की मांग की। खेरवाडा तहसील की बावलवाडा पंचायत के ग्रामीणों ने रतलाम-स्वरुपगंज राष्टीय राजमार्ग 927ए पर सुलई से मगरा तक अतिवृष्टि से खस्ताहाल सडक को दुरस्त करवाने की मांग की। यह सडक सप्ताह भर से बंद है। ग्राम पंचायत पोपल्टी के गांव आड में उप स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृति को लेकर पंचायत समिति सदस्य सूरजमल मीणा व प्रशासक मीरा ने मांग पंत्र दिया। बताया कि इस राजस्व गांव की जनसंख्या करीब 1800 होने के बाद भी उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं है और आसपास के दस किलोमीटर में भी सुविधा नहीं है। ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मनरेगा के तहत श्रमिकों को वर्तमान में वार्षिक 100 दिवस का रोजगार बढाकर 200 दिवस करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि कई कारणों से ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका का संकट गहराता जा रहा है। पंचायत समिति फलासिया सरपंच सुगना देवी व ग्रामीणों ने पंचायत समिति के गुराड पंचायत के गांव गुराड, काडा व वायावाडा में निवास करने वाले कथौडी जनजाति समुदाय को मकान पट्टा व जमीन आबंटन की मांग की। बताया कि खातेदारी अधिकार नहीं होने से इनको सरकारी योजनाओं का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास, आधार कार्ड व राशन कार्ड बनवाने में भी समस्या आ रही है।

एसआई भर्ती के अभ्यर्थियों को मिले न्याय

उदयपुर, (कासं)।राजस्थान पुलिस में उप.निरीक्षक (एसआई) भर्ती 2021 को रद्द किए जाने के उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेवाड ने इस मामले में हस्तक्षेप करने के लिए राज्यपाल को एक पत्र लिखा है।

राज्यपाल को लिखे पत्र में महासभा ने दोषियों के खिलाफ कडी से कडी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है,लेकिन साथ ही यह भी अपील की है कि उन सैकडों ईमानदार और मेहनती अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड न किया जाए जिन्होंने अपनी मेहनत से यह परीक्षा पास की थी। महासभा के महासचिव कुँवर हेमेन्द्र सिंह दवाणा के अनुसार यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ भ्रष्ट लोगों की वजह से पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया, जिससे हजारों निर्दोष युवाओं के सपने टूट गए। उन्होंने आगे कहा कि पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं में शामिल सभी दोषियों को तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी ऐसा करने की हिम्मत न कर सके। दवाणा ने जोर देकर कहा कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेवाड 36 कौम के युवाओं के साथ है। महासभा और सभी सर्व.समाज संगठन युवाओं के भविष्य के लिए कंधे से कंधा मिलाकर लडेंगे।

सार-समाचार

नेत्रदान जागरूकता रैली निकाली

उदयपुर,(कासं)। गीतांजलि नर्सिंग कॉलेज, उदयपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा नेत्रदान जागरूकता रैली प्रात: 10ः बजे से 11ःबजे तक गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल परिसर में निकाली गई। रैली राजस्थान आई बैंक सोसाइटी, उदयपुर चैप्टर के सहयोग से आयोजित की जा रही है। रैली का उद्देश्य आमजन में नेत्रदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना और अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान हेतु प्रेरित करना है। नर्सिंग छात्र-छात्राएं रैली के माध्यम से संदेश देंगे कि नेत्रदान एक महान कार्य है, जिससे अंधत्व से पीड़ित लोगों को नई रोशनी मिल सकती है।

सट्टा खिलाने वाले गिरोह का खुलासा

उदयपुर,(कासं)। शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने देवाली निमच खेड़ा में स्थित मकान पर दबीश देकर ऑन लाईन सट्टा खिलाने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तारकर मौके से 6 मोबाईल सहित सट्टा उपकरण जब्त किये। पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर की ओर से साईबर अपराधों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाशचन्द्र के सुपरविजन में डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू, अम्बामाता थानाधिकारी मुकेश सोनी के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल नरेश कुमार मय टीम ने देवाली निमचखेड़ा क्षैत्र में स्थित मकानर पर दबीश देकर आरोपी मयंक सिंह रत्नावत पुत्र प्रेमसिंह रत्नावत निवासी निमचखेड़ा देवाली को ऑनलाईन गेमिंग और सट्टा खेलाने के मामले में गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 6 मोबाईल, 6 फर्जी सीम कार्ड, 7 डेबिट कार्ड, चैक बुक बरामद कर प्रकरण दर्ज किया।

दानपेटी चुराने के दो आरोपी गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। सदर थाना पुलिस ने मंदिर से दानपेटी चुराने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी बुद्धाराम विश्नोई ने बताया कि प्रार्थी कन्हैयालाल निवासी सुंदनपुर ने रिपोर्ट दी कि 16 जुलाई को शाम लगभग पांच बजे तलवाडा सुंदनपुर मुख्य मार्ग मोड गामडी रोड पर अवस्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में दो अज्ञात बदमाशों ने दान पात्र व तांबे का लौटा चुरा लिया। इन लोगों को गांव के गणेश पुत्र गौतम देवडा ने देखा तो चिल्लाया। इस पर खेतों में काम कर रहे लोग दौडे तो दोनों आरोपी दान पात्र व तांबे का लौटा मौके पर छोडकर मोटर साइकिल लेकर भाग गये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की एवं जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देश पर टीम गठित करते हुए मुखबीरी तंत्र सक्रिय कर संदिग्धों पर निगरानी रखी एवं पूर्व के प्रकरणों में चालानशुदा अभियुक्तों से पूछताछ की। इसी दौरान खास मुखबीरों एवं तकनीकि संसाधन से पता चलने पर रोहित राणा को डिटेन कर पूछताछ की गयी तो केवडिया निवाी रोहित ने अपने साथी सोनल के साथ अपराध स्वीकार किया जिस पर रोहित को 31 अगस्त को गिरफ्तार किया गया एवं उसके साथी सोनल पुत्र जौन्सन राणा निवासी केवडिया को आज गिरफ्तार किया गया।

एपिरॉक ने रखी नए प्रोडक्शन और आरएंडडी सुविधा की नींव

उदयपुर, (कासं)। माइनिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर इन्डस्ट्रीज के लिए अठाणी प्रोडक्टिविटी और सस्टेनेबिलिटी पार्टनर, एपिरॉक एबी ने आज भारत के नासिक में नए प्रोडक्शन और आरएंडडी सुविधा की नींव रखी है।

गुरु वंदना व फ्रेशर उत्सव-2025 का आयोजन

पैसिफिक विवि में फ्रेशर उत्सव में प्रस्तुति देते स्टूडेन्टस।

उदयपुर, (कासं)। पैसिफिक विविके विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय द्वारा गुरु वंदना एवं फ्रेशर उत्सव-2025 का आयोजन हुआ।

समारोह में अध्यक्ष प्रो. हेमन्त कोठारी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय अध्यक्ष प्रो. दिलेन्द्र हीरन, पैसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. विनोद कुमार सिंह भदौरिया, विज्ञान संकाय की प्राचार्या प्रो. सीमा कोठारी, इंजीनियरिंग संकाय के संयोजक डॉ. अक्षत सिंह झाला, कंप्यूटर साइंस संकाय की संयोजिका डॉ. दिव्या शेखावत, प्रो. ऋतु खन्ना एवं अनुष्का नाहर उपस्थित रहे। अध्यक्ष प्रो. हेमन्त कोठारी ने विद्यार्थियों को विवि में उपलब्ध विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों की जानकारी दी और बताया कि पैसिफिक विवि न केवल शिक्षा बल्कि अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने छात्रों से आव्हान किया कि वे आधुनिक तकनीक का सकारात्मक उपयोग कर समाज और देश की प्रगति में योगदान दें।विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के अध्यक्ष प्रो. दिलेन्द्र हीरन ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को सफलता के सूत्र बताए।

सांवलिया जी सेठ का तीन दिवसीय मेला आज से

मंडफिया, (निसं)। मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया का त्रि-दिवसीय जलझूलनी एकादशी का मेला 2 सितंबर मंगलवार से प्रारंभ हो रहा है। इस को लेकर श्री सांवलिया जी मंदिर प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) एवं मंदिर की मुख्य निष्पादन अधिकारी प्रभा गौतम ने बताया कि भगवान के विशाल मेले का शुभारंभ मंगलवार को दोपहर 2 बजे विशाल शोभायात्रा के साथ होगा।

गर्भ गृह के कपाट की सफाई करते कारीगर।

उन्होंने बताया की शोभायात्रा पूरे कस्बे के प्रमुख मोहल्ले में भ्रमण कर रात्रि 8 बजे पुनः मंदिर परिसर में पहुंचेगी। इस मौके पर यहां मंदिर के सामने भव्य रंगारंग आतिशबाजी की जाएगी। इसी दिन मंगलवार को रात्रि 9:00 बजे मंडफिया बाईपास मंच पर अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन आयोजित होगा। जिसमें विख्यात कवि सुरेश अलबेला, अनामिका अंबर, शिखा श्रीवास्तव, सौरभ सुमन, नवीन सारथी, बाबू बंजारा, दीपक पारीक, मोनिका हाथलिया, सिद्धार्थ देवल, लक्ष्मण नेपाली, नवीन पाथ जानी बैरागी, लोकेश जाडिया, बुद्धि प्रकाश दाधीच, मोहित सक्सेना आदि कविगण काव्य पाठ करेंगे। इसी दिन मंगलवार रात्रि 9 बजे मेला ग्राउंड गोवर्धन रंगमंच पर राजु मारवाडी मय दल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व रात्रि 1 बजे सतवंत बादशाह मय दल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मीरा रंग मंच पर रात्रि 9 बजे मनु महाराज, भगवत सुथार मय दल द्वारा भजन संध्या एवं रात्रि 1 बजे प्रकाश दास महाराज मय दल द्वारा विशाल भजन संध्या आयोजित होगी। इसी प्रकार अन्य मंचों पर भजन संध्या एवं सांस्कृतिक नृत्य एवं कलात्मक कार्यक्रम रातभर आयोजित होंगे।

घरों के निर्माण की राह खुली

उदयपुर, (कासं)। जोधपुर हाईकोर्ट ने उदयपुर की रूपनगर, भुवाणा, नलफला, वाडा,ढीकली प्लान को लेकर पटटे रद्द करने के मामले में दायर रिट याचिका पर उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) की और से दिए गए आदेशों को निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट ने रिट याचिका को लेकर दिए फैसले में द्वारा 24 फरवरी 2025,27 फरवरी 2025 के कार्यालय आदेश, नगरीय विकास विभाग के 19 मार्च 2025 को जारी पत्र उपमहानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक, उदयपुर द्वारा 28 फरवरी 2025 को जारी पत्र और यूडीए उदयपुर के 27 मार्च 2025 को जारी किए आदेशों को निरस्त कर दिया। आपको बतादें कि यूडीए उदयपुर की और से अनुमोदित प्लानों को नियम विरुद्ध बताकर आवंटन (पट्टे)रद्द कर करीब 530 करोड की रिकवरी निकाली गई थी।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी श्री नरेन्द्रसिंह दुग्गड़ पिता श्री फतेहलाल जी दुग्गड, निवासी– फ्लेट नंबर 804, अनन्त स्नेह हाईट्स, भुवाणा उदयपुर (राज.) के स्वामित्व के फ्लेट नंबर 303, महाराजा अपार्टमेंट, 8, शीतला मार्ग, गुलाब बाग रोड़, उदयपुर (राज.) में स्थित है, जिसका असल पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 18.10.2003 बहक श्रीमती सरोज दुग्गड़ (धुपिया) पत्नी श्री नरेन्द्रसिंह जी दुग्गड़ एवं श्री नरेन्द्रसिंह दुग्गड़ पिता श्री फतेहलाल जी दुग्गड के पक्ष में मैसर्स राजलक्ष्मी एसोसियेट, उदयपुर द्वारा निष्पादित किया गया, जिसका पंजीयन उपपंजीयक उदयपुर प्रथम में दिनांक 18.10.2003 को हुआ है। यह दस्तावेज कहीं गुम हो गया है, जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट क्रमांक 2865493/2025 दिनांक 16.08.2025 को Information Report, Rajasthan Police के ऑनलाईन पोर्टल पर दर्ज करवायी गयी। उक्त वर्णित दस्तावेज किसी भी व्यक्ति को प्राप्त होता है तो वह मेरे व्यवहारी या मेरे कार्यालय में सिपुर्द करें एवं उक्त दस्तावेज का कोई भी व्यक्ति दुरूपयोग करता है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी उसकी स्वयं की रहेगी । उक्त दस्तावेज से सम्बन्धित किसी भी व्यक्ति / संस्था / बैंक या अन्य सरकारी या गैर सरकारी वित्तीय संस्थान जो अपना हित भार एवं आपत्ति रखता हो, वह इस आम सूचना के 7 (सात) दिवस के भीतर अपना उजर / एतराज लिखित में मुझ अधिवक्ता के कार्यालय मे उपस्थित हो गय दस्तावेजात प्रस्तुत करे, अन्यथा उक्त अवधि के पश्चात् किया जाने वाला कोई भी उजर / एतराज मेरे व्यवहारी के मुकाबले शुन्य एवं निष्प्रभावी होगा।

स्थान : उदयपुर धनश्याम टेलर एडवोकेट
दिनांक: 17.08.2025 ऑफिस नंबर 353-B, एस. एम. लोढ़ा कॉम्पलेक्स, कोर्ट चौराहा, उदयपुर, मो. 9414471557

COLLEGE OF TECHNOLOGY AND ENGINEERING
Maharana Pratap University of Agriculture and Technology, UDAIPUR (Raj.)

No.: CTAE/Acctts/Tender/2025/3860-64 Date: 30-08-2025

निविदा आमंत्रण सूचना
(NIT: CTAE/NIT/2025-26/05)

विभिन्न वस्तुओं, जिनकी अनुमानित लागत (1) लेबोरेटरी फर्नीचर (रु. 4.00 लाख), एवं (2) अपग्रेडेसन ऑफ़ लेबोरेटरी- फाल्स सीलिंग, दिवार पनेलिंग एवं पर्दे (रु. 7.25 लाख), की आपूर्ति के लिए मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। समस्त शर्तें एवं विस्तृत विवरण www.mpuat.ac.in; www.ctae.ac.in या http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। भविष्य में निविदा से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर ही उपलब्ध होगा।

UBN: ATU2526GSOB00177 and ATU2526GSOB00178

Dean, CTAE

दुष्कर्म पीड़ित किशोरी से मिले सांसद डॉ रावत

- कड़ी कार्रवाई को लेकर आईजी से भी बात की

उदयपुर, (कासं)। बांसवाड़ा में 16 वर्षीय एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने सोमवार को आईजी से बात की और उदयपुर में भर्ती किशोरी व उसके परिजनों से भी मिल कर घटना के बारे में जानकारी ली। सांसद ने इस मामले में लिप्त आरोपियों को पकडने तथा अस्पताल में किशोरी के इलाज में कोई कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि बांसवाडा में 16 वर्षीय एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई थी, जिसको उदयपुर के महाराणा भूपाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। सोमवार को मीडिया रिपोर्ट से जानकारी में आने के बाद सांसद डॉ मन्नालाल रावत जिला परिषद में जनसुनवाई के तुरंत पश्चात किशोरी के स्वास्थ्य की जानकारी लेने अस्पताल पहुंचे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड, महामंत्री पारस सिंघवी, देवीलाल सालवी, पंकज बोराणा, उपाध्यक्ष करण सिंह शक्तावत व मीडिया सहप्रभारी कृष्णकांत कुमावत तथा युवा मोर्चा के सुरेन्द्र सिंह पंवार भी साथ थे। इस दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ आरएल सुमन ने सांसद को किशोरी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी और बताया कि डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ द्वारा उसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। किशोरी का स्वास्थ्य अब पहले से बेहतर है। सांसद ने किशोरी से भी बात की और पूछा कि अस्पताल में इलाज को लेकर कोई दिक्कत तो नहीं है। परिजनों ने बताया कि अस्पताल में किशोरी के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।

किशोरी से मिलने के बाद मीडिया से बातचीत में सांसद डॉ रावत ने बताया कि यह घटना अत्यंत चिंतनीय है। उन्होंने इस मामले में उदयपुर रेंज के आईजी से बात की है। आईजी ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी को पकड लिया है और मामले में गहन अनुसंधान चल रहा है। कलेक्टर से भी बात कर सरकारी योजना में सहायता करने को कहा है। सांसद ने कहा कि इस शांत इलाके में इस प्रकार की घटना व नकारात्मक विचार दुखद है। डूंगरपुर-बांसवाडा क्षेत्र में एक आतंक फैला है युवाओं को भ्रमित करने का, जिसको समझने की जरुरत है। इसके लिए पुलिस को गहनता में जाकर जांच करने को कहा है।

सुंगध दशमी आज, होंगे विविध आयोजन

डूंगरपुर, (निसं)। श्री दिगम्बर जैन समाज के दस लक्षणीय महापर्व के तहत पर्यूषण पर्व का सोमवार को पांचवा दिन उत्तम सत्य धर्म की आराधना के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्रात: निर्धारित समय में भगवान का पंचामृत अभिषेक, शांतिधारा तथा आरती के कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे धर्म प्रेमियों ने भाग लिया।

इसी तरह न्यू कॉलोनी स्थित श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनालय, घाटी स्थित कुंथुनाथ मल्लिनाथ मंदिर तथा फौज का बडला स्थित ऊंडा मंदिर शिवाजी नगर, सुरपुर स्थित पार्श्वनाथ मंदिर, घुमटा बाजार स्थित कोटडिया मंदिर, न्यू कॉलोनी स्थित महावीर स्वामी मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ मंदिर, हाउसीग बोर्ड स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में भी पांचवा दिन उत्तम सत्यम धर्म के तहत विविध धार्मिक कार्यक्रम विधिकारकों के सानिध्य में सम्पन्न हुए। इसी तरह प्रगतिनगर स्थित पार्श्वनाथ मंदिर में पंचामृत अभिषेक,भगवान आदिनाथ का पंचामृत अभिषेक व शांतिधारा, पद्मावती माता की आरती आदिनाथ की आरती लाभार्थी परिवारों द्वारा की गई।

पर्युषण का पांचवा दिन उत्तम सत्य धर्म के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्रगति नगर स्थित जिनालय में पंकज भैया के सानिध्य में धूमधाम से पयुषण पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रावकों धारा धर्म लाभ लिया जा रहा हैं, मनुष्य अनेक कारणों से असत्य बोला करता है, उनमें से एक तो झूठ बोलने का प्रधान कारण लोभ है। लोभ में आकर मनुष्य अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिये असत्य बोला करता है। असत्य भाषण करने का दूसरा कारण भय है। मनुष्य को सत्य बोलने से जब अपने ऊपर कोई आपत्ति आती हुई दिखाई देती है अथवा अपनी कोई हानि होती दिखती है। उस समय वह डरकर झूठ बोल देता है,झूठ बोलकर वह उस विपत्ति या हानि से बचने का प्रयत्न करता है। शहर के नवाडेरा स्थित जैन मंदिर नवाडेरा में दिगम्बर जैन समाज द्वारा पर्युषण पर्व के तहत पांचवा दिन उत्तम सत्य धर्म के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रावको द्वारा धर्म लाभ लिया।

लोकतंत्र में हर मत की अहमियत, युवाओं की सहभागिता बेहद जरूरी : कलक्टर

राजसमंद, (निसं)। इलेक्शन लिटरेसी क्लब और सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एण्ड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता संवाद कार्यक्रम सीबीए स्कूल में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार हसीजा थे।

विद्यालय प्रशासन की ओर से अतिथियों का उपरणा ओढाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर और प्रभु श्रीनाथजी की छवि भेंट कर स्वागत किया। कलेक्टर हसीजा ने संवाद के दौरान लोकतंत्र की मजबूती में मतदाता की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र की नीतियों व विकास की दिशा तय करने में प्रत्येक वोट का महत्व है। उन्होंने युवाओं को शपथ दिलाते हुए लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। जिला परिषद सीईओ एवं नोडल अधिकारी बृजमोहन बैरवा ने मतदान के इतिहास से वर्तमान तक

मतदाता जागरूकता संवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा।

के विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नागरिकों का जागरूक होना लोकतंत्र की मजबूती की नींव है। एसडीएम रक्षा पारीक ने विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुडवाने, कटवाने और सुधार संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी दी तथा वोटर हेल्पलाइन एप और अन्य ऑनलाइन माध्यमों से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया। सीबीए निदेशक शिवहरि शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि नागरिक का कर्तव्य एवं जिम्मेदारी भी है। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने आस-पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा प्रिशा भाटी ने लोकतंत्र एवं मतदान आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी। ईएलसी कॉर्डिनेटर हरिओम सिंह ने ईएलसी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी दी और विद्यार्थियों से इन अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने का आ ान किया। इसी दौरान विद्यार्थियों को मतदान की अहमियत समझाने के लिए वीडियो प्रदर्शित किया गया। कलक्टर ने विद्यालय के टॉपर विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। सहनिदेशक अभिदेव शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण और लोकतंत्र की मजबूती में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया तथा भगवद् गीता के श्लोक का उल्लेख कर उन्हें निरंतर कर्म करते रहने का संदेश दिया। इस दौरान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम लाल गौड, एडीईओ एसके व्यास, ईएलसी इंचार्ज रामप्रकाश आदि मौजूद रहे।

साधारण सभा की बैठक संपन्न

देवगढ़, (निसं)। नगरपालिका मंडल की साधारण सभा की बैठक सोमवार को पालिका अध्यक्ष शोभालाल रेगर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।पालिका की बैठक अधिशाषी अधिकारी विजेश मंत्री ने एजेंडे के अनुसार शुरू की जिसमें श्री करणी माता विशाल दशहरा मेला 2025 के आयोजन के लिए चर्चा शुरू की। जिसमें पार्षद राजेश मेवाड़ा ने सांस्कृतिक मेला नाम रखने की बात कही। नेताप्रतिपक्ष नारायण सिंह ने बोर्ड बैठक का एजेंडा समय पर नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। पार्षद हंसराज कंसारा ने गत मेले की आय व्यय ब्यौरा अब तक नहीं बताए जाने पर नाराजगी जाहिर की। नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में आय के स्त्रोत कम हो गए ओर खर्च अधिक बढ़ गए। अनुमानित 25 लाख रुपए सांस्कृतिक कार्यक्रम में खर्च किए जाएंगे। पार्षद कंसारा द्वारा गत वर्ष रावण दहन सही नहीं जलने की बात कही। पार्षद राजेश मेवाड़ा ने कहा कि मेले को भव्य तरीके से भराया जाए लेकिन पार्षदों का मान सम्मान रखा जाए। अध्यक्ष ने मेले के दौरान होने वाली किसी हादसे को लेकर इस मेले का बीमा करवाने की बात कहीं जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान करते हुए 2 करोड़ का बीमा करवाने की सहमति दी। बैठक में सभी सदस्यों ने मेला समय पर समाप्त करने के साथ मैदान में लगने वाली सभी दुकानों को समय हटाया जाए एवं बिजली कनेक्शन मेला समाप्त होते ही काटने की बात कही। सदस्यों ने कहा कि मेला सम्पन्न होने के बाद कोई भी दुकान मेला स्थल पर नहीं लगे।

कार्यालय ग्राम पंचायत गोरेला, पंचायत समिति गिर्वा, उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-117 दिनांक-27/8/2025

-:ई निविदा सूचना -01/2025-26:-

ग्राम पंचायत गोरेला में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 08.09.2025 सायं 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। जिसका UBN N0 . ZUD2526GLRCO1837 है।

प्रशासक	ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत गोरेला,	ग्राम पंचायत गोरेला,
प.स. गिर्वा, जिला-उदयपुर	प.स. गिर्वा, जिला-उदयपुर